मेक इन इंडिया मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन में लागत लेखाकारों की महत्वपूर्ण भूमिका

एक्सीलरेटिंग मेक इन इंडिया इनिशिएटिव्स-रोल ऑफ सीएमए विषय पर हुआ राष्ट्रीय सेमिनार

'एक्सीलरेटिंग मेक इन इंडिया इनिशिएटिव्स-रोल ऑफ सीएमए' के सेमिनार को संबोधित करते राज्यमंत्री अर्जुनराम मेघवाल।

सिटी रिपोर्टर | बीकानेर

केन्द्रीय वित्त एवं कंपनी मामलात राज्यमंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने कहा कि मेक इन इंडिया मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन में लागत लेखाकारों की महत्वपूर्ण भूमिका है। वे मंगलवार को पार्क पैराडाइज में द इंस्टिट्यूट ऑफ कास्ट एकाउंटेंट ऑफ इंडिया की 'एक्सीलरेटिंग मेक इन इंडिया इनिशिएटिव्स-रोल ऑफ सीएमए' विषय आयोजित सेमिनार को संबोधित कर रहे थे।

नॉर्दन इंडिया रीजनल कौंसिल व अजमेर, भीलवाड़ा, जयपुर, जोधपुर, कोटा, उदयपुर चैप्टर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सेमिनार को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कॉस्ट काउंटेंट का पदनाम कॉस्ट मैनेजमेंट अकाउंटेंट करने के लिए आवयक संशोधन किए जाएंगे। बीकानेर में शाखा खोलने का हर संभव सहयोग दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि बीकानेर में वायु सेवा शीघ्र शुरू करने के लिए रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम के तहत कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा यहां ड्राईपोर्ट, मेगाफूड पार्क, सिरेमिक हब बनाने एवं रामगढ़ से गैस पाइप लाइन लाने की दिशा में भी प्रयास किए जा रहे हैं। महापौर नारायण चौपड़ाने सीएमए का बीकानेर चैप्टर खोले जाने पर हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। सीएमए मानस ठाकुर ने कहा कि संस्था शाखा खोलने से यहां के व्यापारियों को काफी लाभ मिलेगा। उपाध्यक्ष संजय गुप्ता, रवि कुमार साहनी ने भी विचार व्यक्त किए।

इससे पूर्व प्रथम सत्र में सोमगिरी महाराज ने युवाओं से अपनी प्रतिभा का सदुपयोग राष्ट्र के विकास में देने की बात कही। कार्यक्रम में नंदकिशोर गोयल का सम्मान किया गया। इस अवसर पर रिसर्च बुलेटिन का अनावरण भी किया गया।